साहब, हम दिव्यांग हैं ऑटो की किश्त नहीं भर पा रहे... कलेक्टर सिंह ने मदद के दिए निर्देश

▸ कब्जेदारों के खिलाफ कलेक्टर हुए सख्त, जरूरतमंदों की तुरंत की मदद

उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

उज्जैन निवासी पूजा सोनवने ने आर्थिक सहायता की मांग करते हुए बताया कि वे 50 प्रतिशत दिव्यांग हैं तथा मानसिक तनाव के कारण परेशान हैं। उनके पति भी दिव्यांग हैं और ऑटो रिक्शा ऋण की किश्तें जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने श्रम विभाग और सामाजिक न्याय विभाग को नियमानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी राजकुमुद ने आवेदन देकर बताया कि वे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से भृत्य पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन अब तक उन्हें जीपीएफ की अंतिम राशि का भुगतान नहीं हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।ग्राम कंचनखेड़ी निवासी पवनबाई ने शिकायत में बताया कि कुछ लोगों ने अवैध कब्जे की नीयत से उनके मकान की दीवार और टिनशेड तोड़ दिया तथा मारपीट भी की। इस मामले में कलेक्टर ने एसडीएम खाचरौद को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पंचायत कार्यों में अनियमितता की शिकायत पहुंची

ग्राम नंदियासी निवासी अर्जुन सिंह चावड़ा ने आरोप लगाया कि ग्राम चंदवासला के पंचायत सचिव द्वारा विकास कार्यों में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। मामले की जांच के लिए जनपद पंचायत खाचरौद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया। उज्जैन निवासी हरीश चंद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके भतीजे ने उनके मकान पर जबरन कब्जा कर लिया है और उन्हें घर से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने नगर निगम के जोनल अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न मामलों की सुनवाई की।

खाचरौद तहसील में कब्जे की शिकायत भी पहुंची

खाचरौद तहसील के ग्राम भीकमपुर निवासी चंदरसिंह ने जनसुनवाई में बताया कि उनकी कृषि भूमि तक जाने वाले मार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे खेती कार्य प्रभावित हो रहा है। विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। कलेक्टर ने एसडीएम खाचरौद को मौके पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व भी खाचरौद तहसील की कब्जे की शिकायतें जनसुनवाई में पहुंची है।

रोजगार मेले में 342 युवक-युवतियों का चयन

उज्जैन। शासन के निर्देशानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय,द्वारा प्रतिमाह युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में युवा संगम रोजगार मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर में आयोजित किया गया। मेले में 15 कंपनियों द्वारा 350 रिक्त पदों के लिए 470 युवक-युवतियों का पंजीयन कराया गया, जिनमें से 342 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 138 आवेदकों को काउंसिलिंग प्रदान की गई।

एक नजर में

युवा कांग्रेस का चलो पंचायत अभियान शुरू

उज्जैन। घट्टिया विधानसभा के पानबिहार ब्लॉक में युवक कांग्रेस द्वारा चलो पंचायत अभियान की शुरुआत की गई है। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पानबिहार और गुनई जागीर में घर-घर जाकर पेंपलेट वितरित किए और लोगों से संपर्क किया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव नरेंद्र मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष पदम सिंह पटेल, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव हयातुद्दीन कुरैशी, मंडलम अध्यक्ष विनोद कारपेंटर और युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह सोलंकी मौजूद रहे। इनके अलावा जनसंपर्क में किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दीपू बना, पंचायत अध्यक्ष राजेश चौहान, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष रईस मंसूरी, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव नितेश मालवीय, अनवर मंसूरी, विजय केवड़ा, ईवर सिंह, सुभाष परमार और सुनील परमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा की बैठक संपन्न

उज्जैन। युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा की कार्यकारिणी की बैठक युवा कांग्रेस दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज सिंह चावड़ा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव एवं माधव नगर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नेट पेपर परीक्षा, किसानों के साथ हो रहे अत्याचार, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं जनआंदोलनों को प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक सहभागिता बढ़ाने पर भी विशेष मंथन हुआ। बैठक में विजेंद्र सिंह चावड़ा, लाखन सिंह चावड़ा, महेश कुमावत, शंभू सिंह पंवार, देवेंद्र सिंह पंवार, माखन सिंह पंवार, आजाद सिंह, विजेंद्र सिंह आसावद, आर्यन पटेल, अहमद मंसूरी, शास्त्री नगर ब्लॉक अध्यक्ष गौरव, अश्विन मावरी, श्रीवास्तव, आरिफ शाह, अमन पटेल, नकुल, आदित्य, युवराज धानक, अभिमन्यु, पंकज प्रजापत, सोहन नरवरिया, सूरज, दीपक, काना, गौतम, धीरज, बलराज, ऋतिक सहित युवा कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ईद-उल-अजहा की नमाज होगी कल



उज्जैन। मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-अजहा का पर्व बड़े उत्साह और अकीदत के साथ मनाया जाता है। पर्व को लेकर समाजजनों द्वारा तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं तथा मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। शहर काजी मौलवी खलीकुर्रेहमान साहब ने जानकारी देते हुए बताया कि ईद-उल-अजहा का पर्व 28 मई गुरुवार को मनाया जाएगा। ईद की मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 7.30 बजे अदा की जाएगी। इसके साथ ही शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा होगी। नमाज के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम समाज से समय का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित समय से 10 मिनट पहले पहुंचने की अपील की गई है। जारी नमाज समयानुसार जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे, शाही मस्जिद में 7.45 बजे, फतेह मस्जिद में 7.40 बजे, मस्जिद सारवान में 8 बजे, लाल मस्जिद में 7-45 बजे तथा मस्जिद कोट मोहल्ला में सुबह 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। इसी प्रकार मस्जिद मिर्जावाड़ी, मक्का मस्जिद रिंग रोड, मस्जिद नेहरू इस्माईल आगार रोड, मस्जिद उमर दमदमा, मस्जिद आदर्श नगर एवं विक्रम नगर सहित अन्य मस्जिदों में भी सुबह 7.45 से 8.15 बजे के बीच नमाज का समय निर्धारित किया गया है। शहर काजी कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुस्लिम समाज से शांति, भाईचारे एवं अनुशासन के साथ पर्व मनाने की अपील की गई है।

जल गंगा कलश यात्रा का आयोजन

उज्जैन। जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश शासन के जल गंगा महोत्सव के अंतर्गत ग्राम चंदू खेड़ी की प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ताओं ने गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें उत्साह से मातृशक्ति दिन सहभागिता करते हुए जल चेतना एवं जल संरक्षण के प्रति अपना समर्थन जताया। नवांकुर श्रीम गुरुकुल और समिति के कार्यकर्ताओं ने कई दिनों से इस के लिए तैयारी की थी।

बिना अनुमति क्लीनिक खोलने वाली डॉक्टर पर केस

▸ चार दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने किया था सील

उज्जैन। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को सील किये गये क्लीनिक को सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार कर सोमवार को खोल लिया गया। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली तो दोबारा सील करने की कार्रवाई कर क्लीनिक की डॉक्टर के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि उज्जैन से स्वास्थ्य विभाग की टीम इंगोरिया बीएमओ डॉ. विजेन्द्रसिंह अजनार के साथ शाम को थाने आई थी। टीम द्वारा बताया कि आजाद चौक में कमला की दवा निस्वार्थ सेवा संस्था नामक क्लीनिक को बिना अनुमति संचालित किये जाने पर सील किया था। बिना अनुमति क्लीनिक की डॉ. पल्लवी मंडल की शिकायत दर्ज कराई। मामले में बीएमओ डॉ. अजनार की शिकायत पर डॉ. पल्लवी मंडल के खिलाफ धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं संदेही सरोज मंडल की भूमिका के साथ अन्य की विवेचना शुरू की गई है। विवेचना के बाद धाराओं का इजाफा किया जा सकता है। जानकारी यह भी सामने आई है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्लीनिक सील किये जाने के बाद संचालक द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार की खबर फैलाई गई कि परिवार में कार्यक्रम होने पर क्लीनिक बंद है। जिसे सोमवार से खोला जायेगा।

डिग्री धारक स्वयं नहीं बैठती क्लीनिक पर

वहीं मामले में स्वास्थ्य विभाग टीम के डॉ. विक्रम रघुवंशी ने बताया कि क्लीनिक बीएचएमएस डिग्री धारक पल्लवी मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा था। लेकिन वह खुद क्लीनिक पर नहीं बैठती है। उनका भाई आने वाले मरीजों का एलोपैथी पद्धति से उपचार करता है। जो सही नहीं है। विदित हो कि कुछ समय पहले मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में 11 साल की बालिका का अपेंडिक्स ऑपरेशन किया था। बालिका की मौत हो गई थी, जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल के निर्देश पर पूरे जिले में प्रायवेट अस्पतालों और क्लीनिकों की जांच शुरू की गई है। जिसमें अधिकांश गलत तरीके से संचालित होना सामने आ रहे है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम सील करने की कार्रवाई कर रही है।

शिप्रा परिक्रमा यात्रा का भव्य स्वागत

उज्जैन। शिप्रा परिक्रमा यात्रा का भर्तृहरि गुफा परिसर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज के पूर्व अध्यक्ष रमेशचंद्र गेहलोत के परिवार ने यात्रा में शामिल अतिथियों और श्रद्धालुओं का आत्मीय सम्मान किया। इस दौरान सभी अतिथियों व यात्रियों ने गौमाता का पूजन कर उन्हें गौग्रास खिलाया। कार्यक्रम में रवि सोलंकी, नगर निगम सभापति कलावती यादव, नारायण यादव, अभय यादव, जगदीश पांचाल, वैभव यादव, भूरू गेहलोत, अमय आप्टे और रामागुरु जी सहित समस्त यात्रियों का गेहलोत परिवार ने स्वागत किया। अजय गेहलोत ने बताया कि स्वागत समारोह के इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किशोर कुमार भाटी, प्रेम गेहलोत, राधेश्याम गेहलोत, शंकरलाल दगदी, विजय गेहलोत, प्रशांत गेहलोत और भरत सांखला प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

वार्ड 47 में नगर निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

▸ सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाये जाने पर स्वास्थ्य निरीक्षक एवं दरोगा को किया निलंबित

उज्जैन। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के अनुसार सभी वार्डो में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में निगम आयुक्त ने सुबह नित्य निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 47 का निरीक्षण किया।

निगमायुक्त द्वारा नानाखेड़ा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कॉम्प्लेक्स, आदि क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आदिवासी महाविद्यालयीन छात्रावास में छात्रावास कैंपस में कचरे जलाने के अवशेष पाए गए। निगम आयुक्त ने महाविद्यालय में छात्रों से चर्चा कर सफाई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने सफाई संग्रहण वाहन के समय पर नहीं आने पर शिकायत की। वहीं व्यवसायिक क्षेत्र दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के समीप यूरिनल स्पॉट नहीं पाए जाने पर निगम आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वास्थ निरीक्षक मनीष पांडे एवं दरोगा कमलेश लोट को निलंबित किया। वहीं जोन 6 के जोनल अधिकारी एवं उपयंत्री पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किए।

प्रजापत धर्मशाला के पास पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच चाकू चले, 4 घायल

▸ पुलिस ने दोनों ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की

उज्जैन। बीती रात जंतर-मंतर प्रजापत धर्मशाला के पास पुराने विवाद को लेकर माली समाज के दो पक्ष से जुड़े युवकों के बीच विवाद हो गया। चाकूबाजी होने पर एक युवक घायल हो गया। तीन अन्य को भी चोट लगी हैं। पुलिस ने दोनों ओर से शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि जयसिंहपुरा हनुमान बाग क्षेत्र में रहने वाले दीपक पिता रजनीश माली 21 साल और अभिषेक पिता राजेश माली 19 साल निवासी भीमाखेड़ा महिदपुर हालमुकाम जयसिंहपुरा के बीच घूरकर देखने की बात पर विवाद चला आ रहा था। रात 11 बजे के लगभग दोनों का आमना सामना जंतर-मंतर के समीप हो गया। जहां विवाद बढ़ने पर दोनों के साथियों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान चाकू भी चले। जिसमें अभिषेक माली गंभीर घायल हो गया। वहीं उसके साथी तरुण पिता गोवर्धन माली और जतीन पिता जितेन्द्र चौधरी भी घायल हुए हैं। दूसरी ओर से दीपक माली को भी चोट आई है। चाकूबाजी की जानकारी लगने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची थी लेकिन घायलों को अस्पताल भेजा जा चुका था। अभिषेक के बयान अस्पताल पहुंचकर दर्ज किए गए और दीपक, सुजीत, राज और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। अभिषेक पेट्रोल पंप पर काम करता है। वहीं दूसरी ओर से घायल दीपक माली की शिकायत उसके साथी आयुष बैरागी द्वारा दर्ज कराई गई है।

दिव्यांग ने अपने लोडिंग रिक्शा में लगा ली फांसी

▸ आर्थिक रूप से परेशान बताया जा रहा था

उज्जैन। घर के बाहर खड़ी लोडिंग में सोमवार रात में दिव्यांग ने रस्सी का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। आसपास के लोगों ने लटका देखा तो परिवार को सूचना दी। पुत्र फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर आया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इंदौर रोड स्थित रामवासा में रहने वाला राकेश पिता ओमप्रकाश प्रजापत 40 वर्ष दिव्यांग था। उसकी पत्नी भी दिव्यांग है। वह लोडिंग रिक्शा चलाने का काम करता था। लेकिन पिछले 6 माह से उसकी रिक्शा की बैटरी खराब थी। 50 हजार रुपए से अधिक कीमत की बैटरी आने पर राकेश ने अपनी बुआ के लड़के फूलचंद के ईंट भट्टे पर काम करना शुरू कर दिया था। भट्टे पर वह देखरेख का काम करता था और रिक्शा की बैटरी के लिए रुपए एकत्रित कर रहा था। उसने बुआ के लड़के से 1 जून को बैटरी लेने की बात कही थी। उससे पहले वह सोमवार को शाजापुर गया था। जहां से वापस लौटने के बाद रात को घर के बाहर खड़ी लोडिंग में फांसी लगा ली। अस्पताल से सूचना मिलने पर नानाखेड़ा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। परिजनों ने बताया कि संभवत: वह रिक्शा में बैटरी नहीं डलवा पाने और आर्थिक परेशानी के चलते तनाव में था जिसके चलते उसने आत्मघात कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार फिलहाल फांसी लगाने की सही वजह सामने नहीं आई है। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

शिप्रा में डूबे युवक की एसडीआरएफ में निकली लाश

उज्जैन। दोस्तों के साथ ग्राम कुवारिया से गुजरी शिप्रा नदी में नहाने गया युवक डूब गया। तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम ने सर्चिंग की। रात 10 बजे के लगभग युवक का शव बाहर निकाला गया। आज सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। देवास रोड स्थित हामूखेड़ी का रहने वाला विशाल पिता शंकर मालवीय 24 वर्ष सोमवार को दोपहर के समय दोस्तों के साथ ग्राम कुवारिया स्थित शिप्रा नदी पर नहाने गया था। पानी कम था बावजूद इसके नहाते समय विशाल नदी के बीच में चला गया और डूब गया। विशाल के बाहर नहीं आने पर दोस्तों ने परिजन और पुलिस को सूचना दी। तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया और सर्चिंग शुरू की गई। रात 10 बजे के लगभग विशाल का शव नदी से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि शिप्रा नदी में रेत खनन की वजह से गहरे गड्ढे हो गए थे। नहाने के दौरान विशाल एक गड्ढे में जाकर फंस गया था जिसके चलते उसकी मौत हो गई। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि विशाल पेंटरी का काम करता था और नाना-नानी के यहां रहता था। मां आगर रोड स्थित 5 नंबर नाके पर रहती है।

सहायता मांगना कमजोरी नहीं समझदारी, विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

▸ सम्राट विक्रमादित्य
▸ विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला में युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य को जीवन की प्राथमिकता बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य वक्ता समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला की डॉ. मनीषा चौरे ने कहा कि तनाव या निराशा महसूस होने पर उसे अपने तक सीमित न रखें। माता-पिता, शिक्षकों या मित्रों से खुलकर बात करें। सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि समझदारी और साहस का प्रतीक है। वहीं शासकीय महाविद्यालय कायथा के डॉ. संजय सिंह ने कहा कि समाजशास्त्र के विद्यार्थियों को सामाजिक संपर्क और संबंधों पर विशेष जोर देना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. उत्तम मीणा, रोहित देवड़ा, प्रथम बरबेल, सत्यम चौहान, प्रवीण चौहान, महेश, तनिष्क चौरसिया, ओज चतुर्वेदी और चेतन सहित 35 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। संचालन हिमांशु पंडित ने किया तथा आभार डॉ. उत्तम मीणा ने माना।

सकारात्मक सोच और भावनात्मक संतुलन है

अध्यक्षता करते हुए डॉ. ज्योति उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल पढ़ाई और परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण समय है। सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और भावनात्मक संतुलन से ही मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जन्मदिन पर पौधे लगाने और आश्रम या मंदिर जाने जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों से खुशी तलाशने की सलाह दी।

4 माह की पुत्री के साथ 2 साल बाद मिली युवती

उज्जैन। माकड़ोन के ग्राम नीमखेड़ा कपेली से 11 मई 2024 को लापता हुई युवती को 2 साल बाद पुलिस ने राजस्थान से खोज निकाला। युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली।

थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि लापता होने के दौरान युवती को बालिग होने में कुछ माह शेष थे। परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की बात कही थी। लगातार तलाश के 2 साल बाद पता चला कि लापता युवती राजस्थान के रामगंजमंडी में निवास कर रही है। एक टीम दस्तयाबी के लिये रवाना की गई। जहां उक्त युवती 4 माह की पुत्री के साथ मिली। उसे माकड़ोन लाया गया। जहां तराना से महिला अधिकारी को बुलाकर बयान दर्ज किये गये। युवती ने बताया कि माता-पिता उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करना चाहते थे। जिसके चलते नाराज होकर घर से बिना बताये चली गई थी। राजस्थान पहुंचने पर परिचित युवक गोविंद चौहान द्वारा उसके रहने में सहायता की, समय गुजरने पर मार्च 2025 में उसने गोविंद से विवाह कर लिया। दोनों की 4 माह की पुत्री है। युवती ने अपने साथ कोई जबरदस्ती नहीं होना बताया। उसने पति के साथ रहने की बात कहीं। टीआई के अनुसार युवती के कोर्ट में बयान कराकर पति के साथ भेजा गया है।

कलेक्टर सिंह ने एक दर्जन से अधिक बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की घोषणा की

उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जिले के सभी स्तरों पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की व्यापक अधिसूचना जारी की है। राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्राम स्तर तक अधिकारियों को अधिसूचित किया गया है। इसके अनुसार अधिसूचित बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों में जिला स्तर पर जिला कलेक्टर, अपर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं समस्त नायब तहसीलदार (राजस्व विभाग), ब्लॉक स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत,परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सेक्टर स्तर पर (ग्रामीण एवं शहरी) समस्त राजस्व निरीक्षक (राजस्व विभाग), समस्त पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग ग्राम स्तर पर पटवारी,नगरीय क्षेत्र में नगर पालिक निगम के जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी,नगर पालिक परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, उप राजस्व निरीक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, नगर परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, उप राजस्व निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिसूचित अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत पूर्ण अधिकार प्रदान करते हुए निर्देश दिये हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में बाल विवाह की किसी भी सूचना पर तुरंत कार्यवाही करें और इसे पूर्ण रूप से रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

महाकाल मंदिर में ▸ गंगा दशहरा पर उज्जैन की संस्था का आयोजन, एक साथ कई तबले भी बजाए

18 घंटे तक निरंतर नृत्य, 4 से 40 साल तक के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

उज्जैन। महाकाल मंदिर में गंगा दशहरा पर मंगलवार को लगातार 18 घंटे तक निरंतर नृत्य किया गया। सुबह 6-30 बजे से अखंड नृत्य आराधना शुरू हुई रात को शयन आरती तक जारी रही। इस आयोजन की खास बात यह थी कि एक साथ यहां कई तबले भी बजाए गए जिससे संपूर्ण वातावरण संगीतमय हो उठा।

संस्था की साधना मालवीय, मृणालिनी चौहान ने बताया कि इसमें 4 से 40 वर्ष तक के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। जिसमें हर समूह को 15 से 20 मिनट का समय दिया गया। कलाकारों गणेश वंदना, शिव स्तुति, माता की आराधना, भजन और लोकगीतों पर नृत्य किया। इस आयोजन में 50 से ज्यादा कलाकारों ने भाग लिया। हजारों श्रद्धालुओं ने भी मंदिर में दर्शन के दौरान इस प्रस्तुति को देखा। रसराज प्रभात नृत्य संस्थान यह प्रस्तुति देता है। पिछले 38 साल से यह सिलसिला निरंतर चला आ रहा है। इसके लिए एक माह पहले से तैयारी की जाती है। कार्यक्रम में संस्थापक राज कुमुद ठोलिया, मुख्य अतिथि अर्पण भारद्वाज और गोविंद गंधे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा, पंडित विशाल शुक्ला और भारती सिंह राजपूत थे।